Reg. No. :- JH-11-0004329

अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 23-04-2023 अंक 548

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

न्यूज ब्रीफ

बाइक सवार कि घटना स्थल पर हुई मौत

अपेम लाइव : बिरनी

बिरनी थाना क्षेत्र के पंचायत ख़रीडीह निवासी बासुदेव चौधरी के पुत्र बिपुल चौधरी का । मुफसिल थाना क्षेत्र के सेनादोनी मोड़ के पास बीते देर रात ऑक्सितडेन्ट हो गया ।जिसका घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया और मृतक युवक के परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है।

चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल में जोरदार भिड़ंत एक घायल

अपेम लाइव : बिरनी

बिरनी थाना क्षेत्र के कोवाड कोडरमा मुख्य मार्ग ओरवाटण्ड के पास बीते देर रात चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें चार पहिया वाहन के सामने काफी क्षतिग्रस्त हो गया और चालक घायल हो गया वही दो पहिया वाहन चालक बरोटांड निवासी शंकर शर्मा के पुत्र मुकेश शर्मा के दोनों हाथ टूट गया और गंभीर रूप से घायल हो गया वही ग्रामीणों के मदद से 108 एम्बुलेंस को फोन के माध्यम से सूचना दिया वहीं घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा केंद्र बिरनी भेज दिया गया प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्तिथि को देखते हुए घायलों को रेफर कर दिया गया ।इधर बिरनी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

भालू के हमले से युवक घायल

अपेम लाइव : लातेहार

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड स्थित गड़बुढ़नी पंचायत के केवरकी निवासी संदीप टोप्पो को जंगली भालू ने गंभीर रूप से घायल कर दिया ।युवक महुराम नामक स्थान पर महुआ चुनने गया था ।जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया ।वह अपनी जान बचाने के लिए वह काफी देर तक भालू से लड़ता रहा ।बाद में भालू उसे छोड़ कर जंगल की ओर भाग गया ।घटना की सूचना मिलते ही वनरक्षी विष्णु कुमार व वन ट्रैकर प्रसाद यादव मौके पर पहुंचे व घटना का जानकारी लिया ।उन्होंने घायल युवक को तत्काल सरकारी अस्पताल, महुआडांड़ में भर्ती कराया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए लातेहार रेफर किया गया ।महुआडांड़ रेंजर वृन्दा पांडेय ने घायल युवक को इलाज के लिए तत्काल पांच हजार रुपये की सहायता राशि दी ।उन्होंने सरकारी प्रक्रिया पूरी कर अन्य मुआवजा देने की बात कही।

पी एच डी विभाग द्वारा बनाए जा रहे जलमीनार में गड़बड़ी का खुलने लगी पोल

हल्की हवा में टँकी में लगा सोलर टूट कर गया बिखर, बोरिंग में नहीं है पानी फिर भी विभाग कर दे रहा है बिल पास

विभाग में लूट की मिली है छूट,संवेदक और विभाग मालामाल,जनता कंगाल

अपेम लाइवः कान्हाचट्टी
प्रमोद कुमार सिंह

कान्हाचट्टी : इस उमस भरी गर्मी और कड़कड़ाती चिलचिलाती धूप आम आवाम परेशान हैं लोगों को एक बूंद पानी बढ़िया से नसीब हो इसके लिए झारखंड सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है ।क. रोड़ों खर्च कर आम लोगों को इस चिलचिलाती धूप से निजात के लिए जगह जगह पर पानी की व्यवस्था कर रही है ।तो वही चतरा जिले में जल मीनार एवं नल जल योजना के नाम पर भारी लूट मची हुई है। सरकार जो जल के उप्लब्धता के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है । लेकिन यह पीएचडी विभाग एवं संवेदक के लापरवाही के कारण पैसे की केवल बंदरबांट हो रही है। योजना का लाभ आम आवाम तक नहीं पहुंच रही है। ऐसा ही मामला चतरा जिले में कई प्रखंडों में पीएचडी विभाग द्वारा बनाए जा रहे नल जल योजना के तहत किए जा रहे जल मीनार कार्य में घोर लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है ।कान्हाचट्टी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सरकार के द्वारा नल जल योजना के तहत आम ग्रामीणों के घर-घर पानी देने की योजना को संवेदक एवं विभाग फेल कर रहे हैं। जगह जगह पर जल मीनार तो बनाया जा रहा है लेकिन उसमें गुणवत्ता का पोल धीरे-धीरे परत दर परत खुलना शुरू हो गया है। जल मीनार कहीं-कहीं बन रहा है वहां पर बोरिंग जो किया जा रहा है उसमें पानी ही नहीं तो कहीं कहीं जल मीनार में लगाए गए सोलर हल्की हवा में ही खुलकर बिखेर जा रही है। कन्हाचट्टी प्रखंड में विभिन्न पंचायतों में जिसमें पंचायत के डोंडागड़ा गांव में पी एच डी विभाग द्वारा बनाए जा रहे जल मीनार जो मध्य विद्यालय के समीप बनाया गया है उसमें लगाए गए सोलर प्लेट हल्की हवा से ही उड़कर जमीन पर गिर गया और टूट कर बिखर गया। इससे स्पष्ट होता है कि पीएचडी विभाग द्वारा बनाए जा रहे जल मीनार कितना गुणवत्ता युक्त है। डोंडागड़ा मध्य विद्यालय के समीप बनाए गए जल मीनार में गुणवत्ता इसी से स्पष्ट होता है कि हल्की हवा में भी सोलर प्लेट जमीन पर गिरकर टूट गया। वही इस जल मीनार में जल भरने के लिए किए गए बोरिंग जिसमें पानी है ही नहीं मात्र 3 से 4 मिनट बोरिंग में चलने के लिए पानी है यह संवेदक के द्वारा पीएचडी विभाग एवं संवेदक के द्वारा ग्रामीणों से छलावा किया जा रहा है। ऐसा मामला केवल डोंडागडा में ही नहीं ऐसा मामला तुलबुल पंचायत में भी बनाए जा रहे हैं जल मीनार में देखा जा रहा है। जिसमें कहीं-कहीं पुराने चापाकल में ही पुराने बोरिंग में टंकी लगा दिया जा रहा है जहां पर पानी एक बाल्टी भी नहीं निकलता है ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त नल जल योजना के द्वारा बनाए जा रहे जल मीनार का जांच करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। केवल टंकी में ही नहीं अनियमितता पाया गया है उसमें भी बिछाए गए पाइप में भी अनियमितता पाया गया है। संवेदक के द्वारा किसी टोला मोहल्ला में पाइप बिछाया गया है और किसी में छोड़ दिया गया है ऐसे में सरकार का सबसे महत्वाकांक्षी योजना धरासाई होते नजर आ रहा है।

रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में खुला बचपन प्ले स्कूल, आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों से सुसज्जित

मनोरंजन एवं गतिविधि आधारित शिक्षा की है बचपन प्ले स्कूल में व्यवस्था : अभिषेक

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही रसोईया धमना चकूरा टांड स्थित सीबीएसई एफिलेटेड रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल परिसर में ही देश का प्रतिष्ठित बचपन प्ले स्कूल का यूनिट खुला। बरही अनुमंडल में इकलौता आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों से युक्त बचपन प्ले स्कूल का उद्घाटन प्रबंधन कामिटी के चौयरमैन एके सिंह,फ्रेंचाइजी निदेशक ज्ञान मंजिरी, सेक्रेटरी अभिषेक कुमार, लीगल एडवाइजर अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह, स्कूल आर. ओ. आई. एस के प्राचार्य अनुप कुमार, कामिटी सदस्य सुनील कुमार, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, बचपन प्ले स्कूल का मुख्य प्रशिक्षक दिल्ली अभिषेक सचदेवा एवं बचपन प्ले स्कूल के अभिभावक गौतम केशरी, महेश प्रसाद, गुलाब खान, डॉ. रामटहल साव, ओम प्रकाश केशरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके एवं फीता काटकर किया। सभी अतिथियों को बुके एवं डायरी देकर स्वागत किया गया। दिल्ली से आए बचपन प्ले स्कूल के मुख्य प्रशिक्षक अभिषेक सचदेवा ने सभी अभिभावको को प्रशिक्षित करते हुए बचपन प्ले स्कूल की खूबियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया की देश में 1200 से ज्यादा बचपन प्ले स्कूल संचालित हैं। सभी में बच्चों को मनोरंजन के साथ गतिविधि आधारित शिक्षा की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने अभिभावकों को एक – एक कर बच्चों का क्लास रूम, डाइनिंग रूम, ऑडियो विजवल रूम, डॉल हॉल रूम, जिम रूम, दिखाने के साथ – साथ इसकी गुणवता के बारे में भी बताया। इससे अभिभावक काफी संतुष्ट होकर कहा की इस तरह के स्कूल बरही अनुमंडल में स्थापित होना गर्व की बात है। इतनी व्यवस्था डिजिटल रूप से है तो निश्चित ही मेरे बच्चे का प्राइमेरी भविष्य उज्जवल होगा। अभिभावक पी.एन सिंह ने कहा की इस तरह का स्कूल बरही क्षेत्र आने से हमारे बच्चे में अवश्य ही सर्वांगीण विकास होगा। मौके पर बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमे बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत की प्रस्तुति दी। कामिटी चौयरमैन एके सिंह,फ्रेंचाइजी निदेशक ज्ञान मंजिरी, सेक्रेटरी अभिषेक कुमार, लीगल एडवाइजर अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह, स्कूल आर. ओ. आई. एस के प्राचार्य अनुप कुमार कामिटी सदस्य सुनील कुमार इन सभी के द्वारा तमाम बच्चे के लिए उज्जवल भविष्य का कामना किया। इस कार्यक्रम मे प्रमोद विश्वकर्मा, विपिन पांडेय , सुरेंद्र निषाद, र०यल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल का शिक्षक अलोक कुमार, शुभाशीष, संजय रविदास, पंकज कुमार, सूरज ठाकुर, प्रमोद कुमार, पवन यादव, सुनील पांडेय, मुजीबूर रहमन, रीता कुमारी, उषा देवी, इंदु चंद, शरोंन थ०मस, अंजू कुमारी, प्रतिमा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी सहित कई अभिभावक मौजूद रहे

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 23-04-2023

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेड़ से लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा

लातेहार : सदर थाना क्षेत्र स्थित डूइंगी गांव में रविवार सुबह पेड़ पर लटका एक युवक का शव बरामद हुआ है ।मृतक की पहचान राजीव सिंह के रूप में हुई है ।सूचना मिलने पर लातेहार पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परजनो को सौंप दिया ।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।बताते चलें कि डू. डंगी गांव में शनिवार को एक शादी था. युवक भी उस शादी में शामिल था ।वहीँ रविवार को सुबह अचानक कुछ ग्रामीणों ने उसके शव को गांव से थोड़ी दूरी पर देखा ।ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना उसके परिजनों को दी ।घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए ।उसके बाद पुलिस को तत्काल घटना की सूचना दी गई ।जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया ।बताया जाता है कि युवक लेबर का काम किया करता था ।इधर मृतक के परिजन भी आरोप लगा रहे हैं कि युवक की हत्या कर शव को यहां गांव के बाहर छोड़ा गया है ।घटना के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन आरंभ कर दी है ।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का स्पष्ट रुप से पता चल पाएगा।

बरही : बरहीवासियों को पानी चाहिए ना की आश्वाशन : मो कयूम

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

मो कयूम

बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने इस भीषण गर्मी को देखते हुए कहा की बरही शहर सहित पांच पंचायत के बेंदगी, रसोइया धमना, बरही पूर्वी एवं बरही पश्चिमी पंचायत में लगभग 30 हजार लोगों तक पेयजल आपूर्ति कराने के उद्देश्य से बनाया जा रहा डीवीसी ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना पिछले 15 साल से अधूरा पड़ा हुआ है। हर साल गर्मी में बरहीवासियों को उम्मीद होती है की इस बार उन्हें पानी मिलेगा लेकिन अभी तक वह पूरा नहीं हो पाया है। गौरतलब है की गर्मी आने के बाद बरही शहरी क्षेत्र एवं आस – पास के क्षेत्र को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। अधिकतर चापाकल और कुंआ सुख जाता है जिससे लोगों को खरीद कर पानी पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए काफी रुपए खर्च करना पड़ता है। वहीं उन्होंने बताया की होली से कुछ दिन पूर्व बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रेस कांफ्रेंस कर होली का तोहफा बताते हुए कहा था की इस गर्मी में बरही शहर सहित अन्य पंचायतों को पानी मिल जायेगा। जिससे लोगो मे उम्मीद जगी थी लेकिन अब बरही की जनता को पानी नही मिलने के कारण ग्रामीणों ने विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के प्रति असंतोष पनपने लगा है। वहीं पेयजल की समस्या को देखते हुए मो कयूम ने मुखर होते हुए कहा की बरही को आश्वाशन नही बल्कि पानी चाहिए।

शादी विवाह एवं शुभ अवसरों के लिए उचित स्थान
UV
उत्सव वाटिका
आपकी शादी बनें खास, ऐसा हैं हमारा विश्वास
उत्सव वाटिका
गली, पेट्रोल पंप के सामने, तिलैया रोड़, बरही (ह0बाग)
Proprietor
Mr. Kapil Pd. Keshri
8809224003
सुविधाएँ उपलब्ध
मैरेज हॉल (क्षमता:200 व्यक्ति)
10 AC & Non AC Rooms
सुज्जित पार्टी लॉन (6000 Sq. Feet)
पार्किंग व्यवस्था (15000 Sq. Feet)
प्रवेश द्वार
लॉन
जयमाला स्टेज
विवाह मंडप
भवन

ईद – उल – फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों में शामिल हुए टी.एस.एस अध्यक्ष अरुण साहू

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

ईद पर्व के शुभ अवसर टी. एस.एस अध्यक्ष अरुण साहू विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में शामिल हुए साथ ही मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उन्होंने मुस्लिम भाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि ईद पर्व पूरे देश में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा की इस मुस्लिम भाइयों का प्रमुख त्योहार है जो हमें भाइचारे का संदेश देता है। इस दिन हम सब आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे के गले मिलते हैं और खुशियां बांटते हैं। साथ ही साथ उन्होंने कहा की हमें सिर्फ इस दिन ही नहीं बल्कि सालों भर मिल जुलकर रहना चाहिए और एक दूसरे की मदद करनी चाहिए ताकि हमारा समाज एकजुट रहे और राष्ट्र के विकास व समृद्धि में अपना योगदान दें। मौके पर मुख्य रूप से बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, टीएसएस के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो. जमरूद्दीन, मो रिजवान, मो खुर्शीद, प्रदीप साव, रिजवान अहमद, मो समसुद्दीन, मो शमशुल, मो शाहिद, मो रहमान, मो सलमान एवं मो आरिफ सहित कई अन्य लोग मौजूद थे

बरही : हल्की बारिश से सुहाना हुआ मौसम

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही में बीते शाम हुई हल्की बारिश होने के बाद मौसम सुहाना हो गया। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी में जी रहे लोगों को बारिश होने पर गर्मी से राहत मिली। वहीं देर रात तेज हवा चलने से लोगों को गर्मी से निजात मिली। मौसम के बदलते मिजाज के चलते आसमान पर बादल छाने लगे है। गहराए काले बादलों से कहीं कम कहीं तेज बौछारे पड़ी। ठंडी हवाएं चलने और बूंदाबांदी होने से तापमान में भरी गिरावट देखने को मिली है। जिससे मौसम सुहाना हो गया है ।मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को भीषण से राहत मिल गई है। वहीं लोगों का कहना है की आसमान में काले – काले बादल दिखाई देने लगते है और हल्की बारिश मौसम को खुशनुमा बना देते है।

बड़कागांव में धूमधाम से मनाई गई वीर कुंवर सिंह की जयंती

अपेम लाइवः बडकागॉव
अमित मालाकार

प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक
वीर कुंवर सिंह

बड़कागांव कन्या मध्य विद्यालय सभागार भवन में अखिल भारतीय कर्णपूरा क्षत्रिय महासंघ के द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह की 246वीं जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक ढेंगा ग्राम निवासी द्वारीका नाथ सिंह एवं संचालन केरेडारी के सांसद प्रतिनिधि बद्री नारायण सिंह के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि केरेडारी जिला परिषद सदस्य अनीता सिंह विशिष्ट अतिथि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के छात्र नेता चंदन सिंह व अन्य समाज के उपस्थित प्रबुद्ध जनों के हाथों बाबू वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित जयंती कार्यक्रम में बड़कागांव ,केरेडारी एवं टंडवा प्रखंड के सैकड़ों क्षत्रिय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों को माला पहना कर स्वागत किया गया। मौके पर लोगों ने वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य अतिथि अनीता देवी ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह 80 वर्ष की उम्र में भी अपनी तलवार से वि. रोधियों के दांत खट्टे किए थे। 1857 ईस्वी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम मे दी गई उनकी योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। विशिष्ट अतिथि चंदन सिंह ने कहा कि समाज के विकास के लिए हमें निरंतर शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है लोग शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और विसंगतियों से दूर रहें। वही सभा अध्यक्ष द्वारीकानाथ सिंह ने कहा कि समाज के विकास के लिए नौजवानों को आगे आने की आवश्यकता है समाज के वरिष्ठ लोगों के द्वारा मार्गदर्शन अति आवश्यक है। सभा संचालक केरेडारी प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि बद्री नारायण सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को बाबू वीर कुंवर सिंह बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है हमेशा अपने समाज की मजबूती के लिए तत्पर रहने की जरूरत है। इनके अलावा भाजपा नेता दामोदर सिंह, बसंत नारायण सिंह के अलावा कई विशिष्ट लोगों ने सभा को संबोधित किया और समाज के शिक्षा को मजबूती प्रदान करने पर विशेष रूप से जोर दिया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य मुख्य रूप से अधिवक्ता दामोदर सिंह, प्रीतम सिंह, बसंत नारायण सिंह, शिवदेव सिंह चौहान, प्रीतम सिंह, अवध किशोर सिंह , वीरेंद्र नारायण सिंह,बाढो सिंह, राम नारायण सिंह, कृष्णा सिंह,उपेंद्र नारायण सिंह, रामदेव सिंह, रणवीर सिंह, रामदेव सिंह, जनार्दन सिंह, सुभाष सिंह, कैलाश सिंह, बद्री नारायण सिंह , गुप्तेश्वर सिंह, राम विकास सिंह, अरुण सिंह, पप्पू सिंह, अजय कुमार सिंह पंचम सिंह रामबली सिंह, संदीप सिंह, नवनीत सिंह ,जयनंदन सिंह ,विनोद सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, इकबाल , सकलदेव सिंह, संतोष सिंह, सरोज सिंह ,महेश सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, राहुल सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 23-04-2023

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 03

विधायक के पहल पर चेन्नई से आएगा मृतक युवक का शव

अपेम लाइव : बिरनी

बिरनी थाना क्षेत्र के खेदवार पंचायत के चीताखारो गांव निवासी वासुदेव सिंह का 20 वर्षीय पुत्र अजय सिंह चेन्नई में रहकर दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था।। बीते 21 अप्रैल को उनकी मौत रहस्य में ढंग से चेन्नई में हो गई। मृतक अजीत सिंह के परिवार की माली हालत ठीक नहीं है। मृतक पुत्र का शव लाने के लिए इनके पास पर्याप्त राशि नहीं है।। घटना की सूचना बगोदर के माननीय विधायक विनोद कुमार सिंह को मिलने के बाद उन्होंने तत्काल चेन्नई के प्रशासन से दूरभाष पर बात कर शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कराएं। इधर भाकपा माले के बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह के प्रयास से बिरनी प्रमुख रामू बैठा उपप्रमुख शेखर सुमन और बिरनी बीडीओ सुनील कुमार वर्मा जी के द्वारा संयुक्त रूप से मृतक अजय सिंह का शव चेन्नई से लाने के लिए पीड़ित परिवार वालों को 25000 का आर्थिक सहयोग किया गया है। इस मौके पर मृतक अजय सिंह के पिता बासुदेव सिंह,खेदवारा मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर मंडल, अशोक कुमार मंडल, बिनोद मंडल, होरिल मंडल, चेतलाल महतो, कृष्णा सिंह,उगन अंसारी, पप्पू शर्मा वार्ड सदस्य प्रतिनिधि, शमिद अंसारी, हुसैन अंसारी, महादेव सिंह, मदीना अंसारी, शकीना बीबी,सकुंतला देवी, सुनिता देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।।

प्रवासी मजदुर का पार्थिव शरीर पंहुचा गांव,सूचना पाकर अंतिम दर्शन करने पहुंचे बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो

अपेम लाइव : बिरनी

बिरनी प्रखंड के चरगो निवासी बासुदेव वर्मा के 32 वर्षीय पुत्र सुमंत कु वर्मा आरकेएस सीपीएल कम्पनी में स्टोर असिस्टेंट के रूप में कार्यरत था। बीते दिन शुक्रवार को सुबह अपने छभ–80,सुखसेना कैम्प,तालझारी कार्य के दौरान,हाइवा ने चपेट में लिया जिनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी।

जिसकी पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की सूचना पाकर इस दुःख की घड़ी में पूर्व विधायक नागेंद्र महतो उनके आवास पहुंचकर अंतिम दर्शन किए और पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढस बंधवाया और हर संभव मदद का भरोसा दिए। ज्ञात हो की केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपुर्णा देवी एवं बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो के लगातार प्रयास के बाद मृतक के आश्रितों के लिए कंपनी की ओर से छः लाख रुपये दिलवाए। वहीं पूर्व विधायक ने इस घटना के प्रति दुख जताते हुए बोलें की इस दुःख की घड़ी में हम सभी लोग परिवारजनों में साथ खड़ा है।मृत आत्मा को शांति व परिजनों हिम्मत हेतू ईश्वर से कामना भी किए।

इस दुख की घड़ी में जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन,सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद कुशवाहा, मुखिया राम लखन वर्मा, पंचायत समिति राम प्रसाद वर्मा,महामंत्री सुरेन्द्र यादव,मिडिया प्रभारी रंजित राय,एससी मोर्चा अध्यक्ष आजाद तुरी, दिनेश कोड़ा, बहादुर कोड़ा, राजेन्द्र शर्मा, रंजित वर्मा, सुखदेव राय,प्रमोद वर्मा,पंकज वर्मा,राज कुमार वर्मा, सहित सैकड़ों ग्रामीणों उपस्थित थे।

बीएस कश्वलेज में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा

लातेहार : शहर के बनवारी साहु महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रविवार को हो गया ज्ञात हो कि 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चलने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव को साझा किया इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता ने कहा कि स्वयंसेवकों को 7 दिनों तक कार्य करने का अवसर प्राप्त इससे छात्रों को भरपूर फायदा होगा श्रीमती गुप्ता ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं बधाई दिया महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि हमारे बच्चे सामाजिक सरोकार से नाता जोड़ रहे हैं जो काफी सुखद है इस दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद 7 दिनों तक चलने वाले शिविर का रिपोर्ट पेश करते हुए महाविद्यालय के सचिव और प्राचार्य के सहयोग की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और अपने स्वयंसेवकों को उज्जवल भविष्य की कामना की मौके पर अनु कुमारी, सुधा कुमारी, बसंती कुमारी का योगदान भरपूर रहा

विष्णुगढ़ में धूमधाम से मनाई गई दानवीर भामाशाह की जयंती

पूजा–अर्चना, श्रद्धासुमन समेत कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

अपेम लाइवः विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी

दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह में शामिल अतिथि एवं प्रतिभागी

तैलिक सेवा समिति रमुआ द्वारा सातमील मोड़ स्थित एमएस क०म्प्लेक्स में समारोह आयोजित कर धूमधाम से दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा अर्चना के पश्चात दानवीर भामाशाह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। वहीं, दशावतार भगवान परशुराम को भी नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव व संचालन विवेक कुमार ने किया। समारोह में विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने प्रकृति संरक्षण से संबंधित आकर्षक चित्रकारी व रंगोली भी कैनवास पर उकेरे। इसके अलावा नृत्य–संगीत, गायन, हास्य–व्यंग्य समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तुत किये, जिसे अतिथियों ने खूब सराहना की। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि भामाशाह भारत के महान दानवीर एवं राष्ट्रभक्त थे। राष्ट्र को मुगल साम्राज्य से बचाने के लिए महाराणा प्रताप की सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, इसीलिए भामाशाह को दानवीर कहा जाता है। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज तथा देश की रक्षा की सीख लेनी चाहिए। अंत में अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर सम्मा. नित किया। मौके पर आचार्य रोहित मिश्र, समाज अध्यक्ष पूरन साव, मुखिया निर्मल कुमार, लक्ष्मी कुमारी, रामचंद्र यादव, पंसस अजय मंडल, मुन्नी देवी, दीपक रजक, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, गुरु प्रसाद साव, महादेव मंडल, चेतलाल महतो, गांगो महतो, जगदीश बर्मन, उपमुखिया रीना बर्मन, विनोद कुमार, विशेश्वर स्वर्णकार, डॉ. योगेंद्र कुमार, राजेश सोनी, कन्हाई यादव, शेखर कसेरा, अंजू गुप्ता, सीमा साहू, संजू कुशवाहा, डॉ नूतन कुमारी, सुनीता गुप्ता, आशीष कुमार, अजीत कुमार, भीम प्रसाद, रंजीत कुमार, अंशु कुमारी, खुशबू कुमारी गुप्ता आदि शामिल थे।

JHNH
Reg. No. 2036000613
जीवन हेल्थ नर्सिंग होम
हमारे यहाँ सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
सामान्य एवं सुरक्षित प्रसव (नार्मल डिलेवरी) की विशेष सुविधा उपलब्ध है।
अपेंडिक्स, बवासीर, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, बच्चेदानी
इत्यादि ऑपरेशन की विशेष सुविधा उपलब्ध है।
BLOOD TEST
CBC, Sugar, L.F.T, K.F.T, Lipid Profile,
Thyroid, Tuberculosss, Urine R/E etc
यहाँ सभी प्रकार के जाँच की सुविधा है।
24/7 Emergency Services
7903856586
9931874590
NH-2 लस्करी मोड़, रसोईया धमना, बरही
नियर–लोक नायक फैमिली रेस्टोरेन्ट–825405

शारदा इलेक्ट्रोनिक
0% ब्याज में बजाज फाइनेंस उपलब्ध।
नोटः- सभी प्रकार के इलेक्ट्रोनिक समान उपलब्ध है।
9835778442
9110920937

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

जायंट्स ग्रुप ने शुरू किया पनशाला राहगीरों को पानी पिलाना पूण्य का काम है : डॉ धर्मचन्दलाल

अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा

जायंट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर
पनशाला
भारतीय मूल की अंतराष्ट्रीय सेवा संस्था
on OnePlus
Kumar Ward Parsad 03

श्री बंशीधर नगररूभीषण गर्मी को देखते हुये–जायंट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के द्वारा रविवार को अल्का मैरेज गार्डेन के निकट पनशाला खोला गया।पनशाला का उदघाटन श्री सद गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल ने फीता काटकर व राहगीरों को पानी पिलाकर किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी पिलाना पूण्य का काम है उन्होंने कहा कि इस पनशाला के खुलने से राहगीरों को पेयजल के लिये परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा।मौके पर जायंट्स ग्रुप के अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू,सचिव अनूप कुमार निराला,कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, हेमंत प्रताप देव ,विनोद कुमार कांस्यकार, राहुल जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, अश्विनी कुमार, उमेश कुमार देव, शंकर प्रसाद, ध्रुव कुमार,राजेश प्रसाद,चंदन जायसवाल, आशीष कुमार, अभय कुमार,सुमित कुमार,अंकित कुमार,अजित कुमार,रविन्द्र प्रसाद,शिवम कुमार,साहिल कुमार,गौतम कुमार,शुभम कुमार,राजू मेहता,गुड्डू कुमार,मुन्ना प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बिजली आते ही ग्रामीणों में दौड़ी ख़ुशी की लहर

कोडरमा सांसद के हजारीबाग जिला प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथिलेश गोल्डी

विष्णुगढ़ प्रखंड के बरांय स्थित तेली टोला में 100 केवीए के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। कोडरमा सांसद के हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल ने पूजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर तथा स्विच ओन कर ट्रांसफ०र्मर का उद्घाटन किया। स्विच ओन करने के बाद घरों में बिजली आते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण शाम ढ़लते ही लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी कोडरमा सांसद के हजारीबाग जिला प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल को दी। उन्होंने मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों के वार्ता कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। अक्षय तृतीया के मौके पर अधिष्ठापित नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुखदेव महतो, पूर्व पंसस महेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य बैजनाथ प्रसाद साव, राजू साव, संजय साव, विजय साव, गुड्डू चंद्रवंशी, हरिलाल साव, संतोष साव, वीरेंद्र कुमार साव, चुरामन साव, नेपाली पासवान, शंभू साव, मुन्ना कुमार साव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)

ADMISSION OPEN NOW

Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum

RAINBOW SCHOOL BARHI
Classes From
(Pre-Nursery to Xth C.B.S.E. Pattern)

इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।
——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से

बीएस कश्वलेज के मूल्यांकन के लिए दो दिवसीय दौरे पर आ रही पीयर टीम

अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा

बनवारी साहू महाविद्यालय

लातेहार : लातेहार जिला मुख्यालय के बानपुर में स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय में मुल्यांकन के लिए दो दिवसीय दौरे पर पीयर की टीम पहुंच रही है। यह टीम महाविद्यालय के हर तरह की व्यवस्थाओं की जांच करेगी। टीम आगामी 27 अप्रैल को आ रही है और 28 अप्रैल तक रहेगी। इसी को लेकर क०लेज के प्राचार्य प्रदीप तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा है कि क०लेज के सभी छात्र छात्राओं की 75 फीसदी उपस्थिति को देखते हुए क०लेज आना निर्धारित करें। सभी छात्र छात्राएं आगामी 24 अप्रैल से कॉलेज यूनिफ०र्म में आएं। साथ ही उन्होंने क०लेज के अन्य कर्मचारियों को भी सही समय से कॉलेज आने का निर्देश जारी किया है।

जेएससीए अंतर जिला अंडर–16 सुपर लीग में लातेहार ने लोहरदगा को हराया

लातेहार के आदर्श विशाल रहे मैन ऑफ द मैच

अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा

H.D.C.A.
SA INTER DISTRICT U-16
RICKET TOURNAMENT
2022-2023
CRICKET TOURNAM
2022-2023
23/04

लातेहार : जेएससीए अंतर जिला अंडर–16 टूर्नामेंट के सुपर लीग का पहला मुकाबला हजारीबाग के वेल्स क्रिकेट ग्राउंड में हुआ ।जहां लोहरदगा और लाते.हार के बीच मैच खेला गया ।जिसमें लातेहार ने 4 विकेट से जीत हासिल की। मैच में ट०स जीतकर बल्लेबाजी करते हुए लोहरदगा ने 10 विकेट के नुकसान पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया । लोहरदगा की ओर से अभिषेक सिंह ने नाबाद 72 रनों की पारी खेली ।वहीं आदित्य कुमार ने 20 रन बनाए ।लातेहार की ओर से अतुल कुमार गुप्ता, प्रेम कुमार और राहुल कुमार ने 2–2 विकेट झटके ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी लातेहार की टीम ने आदर्श विशाल के नाबाद 112 रनों की मदद से 43.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल की ।अपने शतकीय पारी में आदर्श ने 15 चौके और 2 छक्के लगाए। लोहरदगा कि ओर से पीयूष और राजीव गिरी ने 2–2 विकेट लिए ।वहीँ अपने शानदार प्रदर्शन के लिए लातेहार के आदर्श विशाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

U DISE CODE : 20040106607
Mob.: 9608113404, 9939012040
INSPIRING THE ASPIRING
New Little Flower Public school
Nursery to Xth
Facilities
कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती
B.ed Teacher, Computer Lab. Weekly Test
Dance, Music, Games, Bus, Teacher Student Ratio 1:30
A Complete English Speaking Environment Etc.
Director:-
BIRENDRA KUMAR SHAHU

Prop.-Shubham Kumar
Khushi Pharma
Khushi Pharma
One Stop For Medical Care
One Stop for Medical Care
मयूर स्टोर के सामने, तिलैया रोड़, बरही (हजारीबाग)
संपर्क सूत्र – 7654147310, 9955750022
हमारे यहाँ सभी प्रकार के अंग्रेजी दवाईयाँ (जानवर) एवं मनुष्य की बेसिक दवाईयाँ उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं।